Comp. 155

सेवा में
D.M.C
Secretary

महोदय,
मैं नरेश भाटिया सुपुत्र श्री हंसराज भाटिया निवासी डी-249-50 गांधी विहार, निकट मुखर्जी नगर दिल्ली-9 आपसे अपील करता हूँ कि मेरी बात की सुनवाई की जाये।
26 फरवरी 2003 को सुबह 8 बजे मेरा एक्सीडेंट हो गया था जिसमें मेरी बाई टांग की हड्डी टूट गई थी। उसके इलाज के लिए मुझे परनामी अस्पताल शालीमार बाग में भर्ती किया गया। डा० एम-एल परनामी ने मेरा 15 दिन तक इलाज किया और मेरी टाँग में रॉड डाली गयी तथा 6 सप्ताह का प्लस्तर चढ़ाया गया। इसके लिए मैंने एक भारी रकम चुकाई पर प्लस्तर खुलवाने के बाद भी मेरे पैर में निरन्तर दर्द होता रहा। मुझे डॉक्टर ने जैसे कहा मैंने वैसे ही किया लेकिन मेरे पैर में कोई आराम नहीं आया और मेरी हड्डी मोटी और टेढ़ी हो गई है। जब भी डा० साहब के पास चैकअप के लिए जाता 500 से 700 रु तक देकर आ जाता।

MA Fit for Disciplinary Committee
[signature] 1/7/04

Office of Delhi Medical Council
Receipt No. 2433
Date 25/6/04

मैं एक प्राइवेट मुलाजिम हूँ और मेरी आर्थिक दशा भी ठीक नहीं है। पिछले एक साल से पैर में दर्द होने के कारण मेरा काम भी छूट गया है। मेरी पत्नी एक प्राइवेट स्कूल में 1500 रू मासिक आय पर काम करती है।

अभी जब दिसम्बर में मैंने दिखाया था तो डाक्टर साहब बोले थे कि मेरी हड्डी मोटी हो गई है। हर बार 500 से 700 रूपये चैकअप के लगाने पर भी मेरी तकलीफ वैसी की वैसी ही है। अप्रैल 2004 से मुझे तकलीफ ज्यादा हो गई है। चलने में भी बहुत तकलीफ है। डा० एम.एल. पसामी ने मुझे दोबारा आप्रेशन करवाने के लिए बोला है। पर जब मैंने कहा कि मैं दोबारा खर्चा नहीं उठा सकता तो उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में चले जाओ।

मैं आपसे अपील करता हूँ कि डा० की लापरवाही मेरी आर्थिक दशा और मेरी तकलीफ को ध्यान में रखते हुए बिना किसी खर्चे के मेरा दोबारा आप्रेशन करवाया जाये।

भवदीय
नरेश भाटिया
15-6-04

डा० एम. एल. पसामी
AE-190 Shalimar Bagh, Near Prabhu Dayal Public School, Delhi-88
Phones- 27481122, 27481123

He should be advised to go to Govt institution if he cannot afford
Dr first.
[signature] 2/7/04